राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–144/2023

युवा पीढ़ी को सही राह दिखाने की जिम्मेदारी हमारी–राज्यपाल

पटना, 22 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राघोपुर, बिहटा (पटना) में 'भगवान परशुराम जन्मोत्सव' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को सही राह दिखाने की आवश्यकता है और यह दायित्व हमारा है। उन्हें भगवान परशुराम एवं अन्य महापुरूषों के चरित्र से अवगत कराने की जरूरत है ताकि वे संकुचित विचारों से उपर उठकर अपनी सोच को व्यापक बना सकें।

उन्होंने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका चरित्र हमारे लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने अन्याय एवं सामाजिक विकृतियों के खिलाफ शस्त्र धारण किया। भगवान परशुराम हमारे जीवन और संस्कृति में शामिल हैं तथा वह हमारी एकता के प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने महापुरूषों को किसी जाति विशेष के बंधन में बाँधने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान परशुराम, डॉ० भीमराव अम्बेडकर जैसे महापुरूषों के बारे में ऐसा सोचना हमारी संर्कीण मानसिकता का द्योतक है। ऐसे महापुरूष पूरे समाज के होते हैं और सबके हित में कार्य करते हैं।

उन्होंने वेद के एक मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे जीवन में सभी अच्छे विचारों का समावेश होना चाहिए।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, विधान पार्षद श्री देवेश कुमार, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री जीवेश मिश्रा तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....